an>

Title: Need to set up a LPG bottling plant of Indian Oil Corporation Limited in Satna Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh.

श्री गणेश सिंह (सतना) ः मेरे संसदीय प्रदेश मध्य प्रदेश में भोपाल तथा गुना में आई.ओ.सी. का बॉटलिंग प्लांट हैं। विन्ध्य क्षेत्र जिसकी आबादी लगभग 1 करोड़ से अधिक है, वहां के जो रसोई गैस के डीलर हैं, उन्हें गुना जो 456 किलोमीटर है, वहां सिलेण्डर की बॉटलिंग के लिए जाना पड़ता है। मेरा लोक सभा क्षेत्र सतना सेल्स एरिया है और रेलवे लाइन के किनारे बगहा में पर्याप्त जमीन भी उपलब्ध है। अतः आई.ओ.सी. का एक बॉटलिंग प्लांट मेरे लोक सभा क्षेत्र सतना में स्वीकृत कराए जाने की अत्यंत आवश्यकता है।